Seventeenth Loksabha

>

Title: Request the government to bring back the Indians stuck in Kula Lumpur.

डॉ. एस. टी. हसन (मुरादाबाद): सर, मैं आपका ध्यान कुआलालंपुर में फंसे हुए 60 भारतीयों की तरफ दिलाना चाहता हूं। इन लोगों की टिकट हो गयी थी, बोर्डिंग हो गयी थी और इनका लगेज भी चला गया था, लेकिन लास्ट टाइम पर कह दिया गया कि भारत सरकार ने आपको बोर्डिंग करने से मना कर दिया है। भारत सरकार की इजाज़त मिलेगी तो आप बोर्डिंग करेंगे। मेरी आपसे दरख्वास्त है, क्योंकि वहां कर्फ्यू लाइक स्टेज है, लोग बाहर नहीं निकल सकते हैं, खाना नहीं है, सारे मॉल बंद हैं और लोग परेशान हैं। बड़ी मुश्किल से उन लोगों को चावल मिले और कच्चे-पक्के चावल उन लोगों ने खाए। मेरी सरकार से दरख्वास्त है कि उन लोगों को फौरन हिन्दुस्तान वापस लाया जाए।

माननीय अध्यक्ष : श्री कुलदीप राय शर्मा को डॉ. एस.टी. हसन द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।